CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 21-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDMONMAT User: cci Time: 02-20-2026 15:38 Color:



# AI से फैंस हुए खुश, फिल्म निर्माताओं की बढ़ गई चुनौती



टॉम और ब्रैड पिट का AI विडियो

टॉम क्रूज और ब्रैड पिट के एक विडियो ने पिछले दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चाएं बटोरीं जिसमें दोनों छत पर फाइट करते दिख रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कृष और स्पाइडरमैन के फाइट का विडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। बैटमैन और कैप्टन अमेरिका के बीच लड़ाई का एक विडियो भी बीते दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसे देखकर तो कई फैंस सोच में पड़ गए कि इन दो सुपरहीरो की साथ में फिल्म कब बन गई। लेकिन चंद मिनटों में जब कैप्शन पर ध्यान गया तो पता लगा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) विडियो था। कैप्शन में लिखा था, 'जो असल में नहीं हो पाया, वह AI ने कर दिखाया।' अब भले ही फैंस इन विडियोज से खुश हो रहे हों लेकिन दुनियाभर के फिल्ममेकर्स इसे लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं। दरअसल कई सॉफ्टवेयर AI के जरिए विडियो एडिट भी करते हैं और क्रिएट भी। ऐसे में कई लोग AI के जरिए ऐसे विडियो बना रहे हैं जो कॉपीराइट के तहत आ रहे हैं। इसी को लेकर हॉलिवुड में कुछ AI कंपनियों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

## फिल्ममेकर्स ज़ाहिर कर रहे हैं अपनी चिंता

भारत में कुछ समय पहले, जब बॉलिवुड फिल्म रांझणा का अंत बदलकर तमिलनाडु में रिलीज किया गया, तब AI के इस्तेमाल को लेकर पहली बार बड़े स्तर पर चर्चा शुरू हुई। तब रांझणा के डायरेक्टर आनंद एल राय ने कहा था कि वह ना तो फिल्म के बदले हुए वर्जन से खुश हैं और ना ही यह वर्जन उनकी फिल्म की असली भावना को दर्शाता है। वहीं हॉलिवुड में तो इसे लेकर बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियो एक साथ आ रहे हैं। हाल ही में वॉल्ट डिज्नी ने एक AI कंपनी को नोटिस जारी कर कहा कि वह डिज्नी के किरदारों की पाइरेटेड लाइब्रेरी से भरा हुआ है। वहीं मोशन पिक्चर एसोसिएशन के चेयरमैन चार्ल्स रिवकिन ने कहा कि AI कंपनियां अमेरिका के कॉपीराइट काम का बड़े पैमाने पर अवैध इस्तेमाल कर रही हैं।'

## 'करोड़ों की फिल्म अब सिर्फ लाखों में तैयार'



हालांकि कई मेकर्स इसे संभावनाओं से भरा हुआ देख रहे हैं। बीते दिनों मिस्टर इंडिया फेम फिल्ममेकर शेखर कपूर ने कहा, 'AI ना तो बीमार होगा और ना ही फीस बढ़ाने की मांग करेगा।' उन्होंने कहा कि अब AI भी मिस्टर इंडिया बना सकता है और बच्चा भी 2000 रुपए में 300 करोड़ की फिल्म बना देगा।' वहीं कुछ दिनों पहले कुतुब मीनार परिसर में हुए AI फिल्म फेस्टिवल में भी AI से बनी शॉर्ट फिल्में दिखाई गईं। यहां अपनी फिल्म हंगर दिखाने वाले फिल्ममेकर हृदय ने बताया, 'अभी यह 5 लाख में बनी है, बिना AI के यह 20 करोड़ में बनती।'

एक AI विडियो में स्पाइडरमैन और कृष

शेखर कपूर

अब AI भी मिस्टर इंडिया जैसी फिल्म बना सकता है। AI की मदद से बच्चा भी 2000 रुपए में 300 करोड़ की फिल्म बना देगा - शेखर कपूर

# पापा जस्टिन का गाना गुनगुनाता है बेटा: हैली




@haileybieber

जस्टिन बीबर ने 16 साल की उम्र में ही अपने करियर का सबसे हिट गाना 'बेबी' दुनिया को दे दिया था। अब उनकी पत्नी हैली बीबर का कहना है कि उनका 16 महीने का बेटा जैक ब्लूज बीबर अपने पापा का वह गाना गुनगुनाने लगा है। एक बातचीत में हैली ने बताया, 'पिछले दो दिनों से वह अपनी तोतली आवाज में बेबी ओ बेबी सॉन्ग गा रहा है।' इतना ही नहीं हैली ने बताया कि इन दिनों जैक की इकलौती पसंद बास्केटबॉल है। वह कहती हैं, 'वह हर समय बास्केटबॉल कहता रहता है। आज जब मैं उसे नींद से जगाने गई, तो वह बोलने लगा बास्केटबॉल।'

इसी बातचीत में हैली ने बताया कि 2022 में उन्हें आए मिनी स्ट्रोक और हार्ट सर्जरी के बाद वह अपनी सेहत को लेकर और ज्यादा सजग हो गई हैं। वह कहती हैं, 'मुझे लगता है कि उस स्थिति ने मुझे अपने शरीर के प्रति थोड़ा और ज्यादा सजग बना दिया। उसके बाद से ही मैं चीजों को लेकर थोड़ी घबराई रहने लगी और उन पर ध्यान देने लगी।'

बेबी सॉन्ग में जस्टिन







**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in